CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
13.7.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com | 4 में पढ़ें- प्रादेशिक .... | 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....

» वर्ष-2 » अंक - 32 »

# खंगाले गए केजरीवाल और सिसोदिया के कॉल रिकॉर्ड, चार्जशीट तैयार



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के चीफ सेक्रटरी (सीएस) अंशु प्रकाश के साथ सीएम हाउस में हुई कथित मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने सीएम अरविंद केजरीवाल व डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया के कॉल डीटेल तक खंगाले हैं। देश का यह पहला ऐसा मामला होगा जब किसी प्रदेश की पुलिस ने अपने ही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के कॉल डिटेल्स खंगाले हों। सूत्रों का कहना है कि सीएम व डेप्युटी सीएम को साजिशकर्ता की भूमिका में रखने वाली दिल्ली पुलिस इस पूरे मामले की चार्जशीट तैयार कर चुकी है। बस चंद कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करना बाकी है, जिसके बाद चार्जशीट अदालत में दायर कर दी जाएगी। सूत्र दावा कर रहे हैं कि एलजी अनिल बैजल से संक्शन के अलावा इस बात पर भी राय ली जा रही है कि चार्जशीट दाखिल करने से पहले राष्ट्रपति से मंजूरी लेनी चाहिए या नहीं। पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सीएस अंशु प्रकाश मामले में जो फाइनल चार्जशीट बनकर तैयार हुई है, वह लगभग 850 से 900 पेज की है। इसका रफ ड्राफ्ट करीब ढाई हजार पन्नों का था जिसे एडिट करके इतना बनाया गया। इस केस के लिए नियुक्त किए गए सीनियर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर मोहित माथुर अब इस चार्जशीट को वेरिफाई कर रहे हैं। इसमें कानूनी पहलुओं को देखते हुए कुछ बदलाव अंतिम समय में किए भी जा सकते हैं। पुलिस सूत्र दावा कर रहे हैं कि इसे बेहद गहन व बारीक जांच के बाद हर पहलू को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के खिलाफ उन्हीं के कुछ विभागों के प्रमुख सचिव व सचिव गवाह बने हैं, जिन्होंने आरोप लगाए हैं कि आप सरकार के मुखिया का रवैया आईएएस व दानिक्स अधिकारियों के प्रति कठोर रहता है। पुलिस अधिकारी ने फिलहाल इन अधिकारियों के नाम का खुलासा करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि इन अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की गुजारिश की गई है। इसका खुलासा सिर्फ अदालत में किया जाएगा, वह भी चार्जशीट के माध्यम से।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ब्रेग्जिट को लेकर टरीज़ा मे की में क्यों हो रहे इस्तीफे पर इस्तीफे?

लंदन (आरएनएस)। महज 24 घंटों के अंदर ब्रेग्जिट मंत्री और फिर विदेश मंत्री के इस्तीफे की वजह से ब्रिटेन की प्रधानमंत्री टरीज़ा मे इस वक्त सबसे बड़े राजनीतिक संकट से जूझ रही हैं। ब्रेग्जिट मंत्री डेविड डेविस, उनके डेप्युटी स्टीव बेकर और उनके सहयोगी विदेश मंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने पदों से इस्तीफा देकर एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या ब्रेग्जिट संभव है? वह भी तब जब ब्रेग्जिट के लिए ब्रिटेन के पास अब 9 महीने से भी कम का समय बचा है। ब्रिटेन को मार्च 2019 तक यूरोपीय संघ से अलग होना है।

### श्रीलंका में बौद्ध भिक्षु ने पुलिसकर्मी की गला दबाकर हत्या की

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से 100 किलोमीटर दूर रतनपुरा जिले में यौन उत्पीड़न के आरोप में बौद्ध भिक्षु को गिरफ्तार करने गए एक पुलिस अधिकारी की उसने गला दबा कर हत्या कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता रूवान गुनाशेखरा ने बताया कि इस बौद्ध भिक्षु पर महिला के शारीरिक उत्पीड़न का मामला चल रहा था और इसी केस में मंगलवार को उसे गिरफ्तार करने आए पुलिस अधिकारी की उसने गला दबा कर हत्या कर दी। जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी और बाद में उसे गिरफ्तार करने आए अन्य पुलिसकर्मियों पर उसने ग्रेनेड फेंका। प्रवक्ता ने बताया कि उसे पुलिसकर्मियों ने दबोचने में सफलता हासिल कर ली और इस दौरान उसके हाथ की एक हड्डी टूट गई। बाद में पुलिस ने इस भिक्षु को अस्पताल में भर्ती कराया।

### कूड़े के ढेर में दब रही दिल्ली, पानी में डूब रही मुंबई, क्या कर रही सरकार

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी में कूड़े के पहाड़ के लिए कौन जिम्मेदार है, वे लोग जो उपराज्यपाल के प्रति जवाबदेह हैं, या वे लोग जो मुख्यमंत्री के प्रति जवाबदेह हैं? न्यायालय ने बुधवार को जवाब देने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार से इस बारे में हलफनामा देने के लिए कहा है कि दिल्ली में कूड़े की सफाई के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए और कचरा प्रबंधन किसके अधिकार क्षेत्र में आता है।

### ट्यूनीशिया में बंदूक की नोक पर बैंक में लूट

ट्यूनिश (आरएनएस)। ट्यूनीशिया के ग्रैंड ट्यूनिश इलाके में स्थित एक बैंक में चेहरा ढके शख्स ने बंदूक की नोक पर डकैती की। ट्यूनीशिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता सोफियन जैग ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे एक लुटेरा बंदूक के साथ बैंक की शाखा में घुस आया। सूत्रों ने जैग के हवाले से कहा, लुटेरे ने कुछ पैसा लूटा है लेकिन लूटी गई रकम का खुलासा नहीं हुआ है। लुटेरा घटनास्थल पर सुरक्षा कर्मियों के आगमन के बावजूद फरार हो गया। जैग ने कहा कि लूटेरे के कार के पंजीकरण संख्या की पहचान करने के बाद सुरक्षाकर्मी उसे ढूंढने में लगे हुए हैं।

### जापान में बाढ़ का कहर, मरने वालों की 200 के पार


टोक्यो (आरएनएस)। जापान में भारी बारिश से आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 200 से अधिक हो गई है। एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सरकार के प्रवक्ता योशिहिदे सुगा ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि 83 हेलीकॉप्टरों और दर्जनों पोतों की मदद से करीब 73,000 सेना, पुलिस और दमकलकर्मी लापता लोगों की तलाशी में लगे हुए हैं।सूत्रों ने सुगा के हवाले से कहा कि 36 सालों में यह अब तक की सबसे भयावह प्राकृतिक आपदा है। उन्होंने अगले कुछ दिनों में क्षेत्र में बारिश होने की चेतावनी दी और आशंका जताई कि अनुमानित उच्च तापमान विस्थापितों और बचाव दल को प्रभावित कर सकता है।

### बीएसएनएल का बड़ा धमाका, अब रोजाना मिलेगा 6 जीबी डाटा

नई दिल्ली ,12 जुलाई (आरएनएस)। रिलायंस जियो के टेलीकॉम मार्किट में आने के बाद से ही बॉकी सभी कंपनियों के बीच अपने ग्राहकों को आकर्षक ऑफर देने की होड़ लगी हुई है। सभी कंपनियां जियो की टक्कर देने के लिए आए दिन कुछ नए प्लान पेश करती रहती हैं। इसी कड़ी में बीएसएनएल ने भी अपने जियो को टक्कर देने के लिए अपने एक पुराने प्री-पेड प्लान को अपडेट किया है। जिसके तहत ग्राहकों को अब 444 रुपए वाले प्लान में रोजाना 6 जीबी डाटा दिया जाएगा।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम में हुआ धमाका, सुरक्षाकर्मी सतर्क

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में आज धमाके की आवाज ने सबको चौंका दिया और सुरक्षाकर्मी तुरंत सतर्क हो गए, हालांकि बाद में पाया गया कि यह अस्थायी रूप से बने कार्यक्रम स्थल में लगाई गई एसी मशीन में हुआ हल्का धमाका था।



मोदी यहाँ भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआई) की नई इमारत 'धरोहर भवन' के उद्घाटन के लिए आए थे। वह अपना संबोधन समाप्त कर मंच के नीचे आकर वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर ही रहे थे कि पास ही रखी एक एसी मशीन से धमाके की आवाज सुनाई दी। यह मशीन उसी जगह रखी हुई थी जहां प्रधानमंत्री के साथ आए कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था की गयी थी।

धमाके की आवाज सुनते ही वहाँ मौजूद सभी लोग चौंक गए। सुरक्षाकर्मी भी तुरंत हरकत में आ गये। लेकिन, जब यह पता चला कि यह महज एसी मशीन से जुड़े पाइप के फटने की आवाज है तो उन्होंने राहत की साँस ली।

## अनियंत्रित इनोवा कार पुल से टकराई, 2 लोगों की मौत, पांच गम्भीर

कोरबा (आरएनएस)। बिलासपुर-अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर दर्दनाक सड़क हादसे की घटना सामने आई है। हादसे से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 5 लोग घायल हो गए हैं जिसमें 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 8 बजे की है। हादसे से घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।



सूचना मिलने से मौके पर पहुंची पुलिस की टीम मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज कार्रवाई कर रही है। दरअसल मामला बांगो थाना क्षेत्र का है। हादसे का शिकार हुए सभी लोग लोरमी के रहने वाले हैं, जो किसी काम से सिंगरौली मध्य प्रदेश गए हुए थे। आज सुबह सिंगरौली से लौटते वक्त गुरसियां गांव के पास अचानक उनकी इनोवा कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि इनोवा के इंजन वाला हिस्सा अंदर धंस गया है।

## कल सूर्यग्रहण, 44 साल में पहली बार होगा ऐसा

नईदिल्ली (आरएनएस)। शुक्रवार यानी 13 जुलाई को आंशिक सूर्यग्रहण लगने जा रहा है। हालांकि, इस ग्रहण को ज्यादा लोग नहीं देख पाएंगे लेकिन यह ग्रहण कुछ मायनों में दूसरे सूर्यग्रहण से अलग है। दरअसल, यह सूर्यग्रहण 13 जुलाई को लगेगा और इस दिन शुक्रवार है। इस 13 तारीख और शुक्रवार के मेल को लोकप्रिय संस्कृति में बुरी किस्मत का सूचक माना जाता है। इस दिन और तारीख को 44 साल पहले ग्रहण लगा था। 13 दिसंबर 1974 के बाद से अब तक कोई भी सूर्यग्रहण ऐसा नहीं रहा। अब शुक्रवार और 13 तारीख के मेल वाला यह सूर्यग्रहण 13 सितंबर 2080 में लगेगा। यह सूर्यग्रहण भारत में नहीं दिख रहा है। यह सूर्यग्रहण आस्ट्रेलिया के सुदूर दक्षिणी भागों, तस्मानिया, न्यू जीलैंड के स्टीवर्ट आइलैंड, अंटार्कटिका के उत्तरी हिस्से, प्रशांत और हिंद महासागर में देखा जा सकेगा।



## भारत में घुसपैठ की तैयारी में लश्कर के 35 आंतकी

**पाक सेना के कैंपों में ली पनाह**

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आए- दिन आतंकी हमले होते रहते है। ये आंतकी एलओसी पर घुसपैठ करके सीमा पार करके देश में आ जाते है और आतंकी हमले को अंजाम देते है। खुफिया एजेंसियों की जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक के चार स्थानों पर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी पाकिस्तानी सेना के बंकरों और कैंपों में पनाह लिए हुए हैं और एलओसी पर घुसपैठ की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार माछिल सेक्टर में सबसे अधिक 18 आतंकी पीओके के शारदी के नजदीक बैठे हैं। ये आंतकी घुसपैठ के बाद किसी बड़े फिदायीन हमले को अंजाम देने की भी फिराक में हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार नवगाम के सामने पीओके के लीपा में 8, पुंछ में कालू दी डेरी में 6 और पुंछ के ही बिंबर गली के सामने पीओके कोटली में तीन आतंकी बैठे हैं।आपको बता दें कि कश्मीर के गुरेज, माछिल, केरन, टंगधार, नौगाम, उड़ी, पुंछ, बिंबर गली, नौशेरा और रामपुर इलाकों के सामने पाकिस्तानी सेना के कैंपों में आतंकी कैंप कर रहे हैं। इन इलाकों में भारतीय सेना की तरफ से सर्जिकल स्ट्राइक भी की जा चुकी है।

## अफगानिस्तान में ब्रिटिश सैनिकों की संख्या में होगा इजाफा

लंदन (आरएनएस)। अफगानिस्तान की अस्थिर सुरक्षा स्थिति में मदद करने के लिए वहां सैनिकों तथा सैन्य साजो सामान में वृद्धि करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आग्रह पर ब्रिटिश सरकार अपने सैनिको की संख्या में दुगनी बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है।

प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने इस आशय की घोषणा करते हुए कहा है कि ब्रिटेन अफगानिस्तान में 400 सैनिक और भेजेगा और अफगानिस्तान की सेना की मदद के लिए इन सैनिकों की संख्या बढ़कर 1100 तक हो जाएगी। ये अतिरिक्त सैनिक नाटो की अगुवाई मिशन में हिस्सा लेंगे तथा अफगानी सैनिकों को प्रशिक्षित करेंगे। इनकी तैनाती काबुल में ही होगी और समाघात अभियानों में इन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। ट्रंप ने ब्रिटेन और नाटो के सदस्य देशों से आग्रह किया है कि वे अफगानिस्तान में और सैनिक तथा सैन्य साजो सामान भेजें।

## कुवैत में फंसी बेटी, मां ने लगाई सुषमा से गुहार

हैदराबाद (आरएनएस)। एक 18 वर्षीय लड़की को नौकरी के नाम पर झांसा देकर कुवैत ले जाने और उसे गुप्त जगह पर रखकर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। मालन बेगम नामक ड़की कुवैत में बीमार है और उसे ना खाना मिलता है, ना ही रहने की ठीक व्यवस्था की गई है। लड़की ने हैदराबाद में रहने वाली अपनी मां को फोन करके अपनी परेशानियां बताई हैं। लड़की की मां रुकिया बेगम ने विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से अपनी बेटी को वापस लाने की गुहार लगाई है।

हैदराबाद स्थित हफीज बाबा नगर की रहने वाली रुकिया बेगम ने सुषमा को लिखे गए पत्र में कहा है, शालिबंदा की रहने वाली तस्लीम बेगम, उसके पति नवाज और शाहीन नगर में रहने वाले सलीम ने मालन बेगम को कुवैत में ब्यूटिशन की नौकरी ऑफर की।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला जंगल के अंदर कंस्ट्रक्शन पर रोक

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की बिलासपुर हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने जंगल के अंदर कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी है। छत्तीसगढ़ की बिलासपुर हाई कोर्ट ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने जंगल के अंदर कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी है। जंगल में कंस्ट्रक्शन से वन्यजीवों को खतरा



होने की आशंका जताई गई है। इसको आधार कर ही जंगल में कंस्ट्रक्शन पर रोक लगाने के आदेश हाई कोर्ट ने दिए हैं। छत्तीसगढ़ के जंगलों में बाघ संरक्षण को लेकर हाई कोर्ट बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट चीफ जस्टिस के डिवीजन बैंच ने तत्काल प्रभाव से कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी है। अब चार सप्ताह बाद मामले में फिर से सुनवाई होगी। तब तक जंगल के अंदर निर्माण कार्य रुका रहेगा। बता दें कि अचानक मार्ग टाईगर रिजर्व के अंदर पीएमएवाय.जी के तहत बन रहे मकानों पर रोक के लिए याचिका लगाई गई थी।

## अमित शाह संग नाश्ता कर मुस्कुराते निकले नीतीश

पटना (आरएनएस)। बिहार सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की गुरुवार सुबह नाश्ते पर मुलाकात हुई है। जेडीयू के एनडीए में लौटने के बाद अमित शाह की इस पहली बिहार यात्रा में इन दोनों नेताओं की मुलाकात आने वाले दिनों की सियासी तस्वीर की दशा और दिशा के लिहाज से बेहद अहम है। 2019 के लोकसभा चुनाव में चेहरा किसका होगा और किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इन दो सवालों का रास्ता एनडीए के किसी दल को नहीं सूझ रहा। कहा जा रहा है कि



अमित शाह और नीतीश की मुलाकात इन्हीं सवालों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। आधे घंटे से अधिक चली इस मुलाकात के बाद नीतीश मुस्कुराते हुए बाहर तो निकले लेकिन जेडीयू या बीजेपी, किसी भी दल की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। शाह और नीतीश की इस बैठक में बिहार के डेप्युटी सीएम सुशील मोदी और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय भी मौजूद थे। शाह रात के भोजन के दौरान भी सीएम आवास में नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे। ऐसे में अहम सवाल यह है कि इस पॉलिटिकल नाश्ते और पॉलिटिकल डिनर का नतीजा क्या बिहार में एनडीए के सारे घटक दलों को साथ रखने में कामयाब हो पाएगा? हालांकि एनडीए में शामिल सभी दल, बीजेपी, जेडीयू, एलजेपी और आरएलएसपी ने समय-समय पर गठबंधन के बने रहने का दावा किया है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज़ पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

CMYK